# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 11 / 24–39 ,राँची / दिनांकः 12 / 08 / 2024

**बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा – 2024**
**[B.Sc. Nursing (Basic/Post-Basic) Entrance Competitive Examination – 2024] के आयोजन से संबंधित विस्तृत सूचना**

राज्य के नर्सिंग संस्थानों मे शैक्षणिक वर्ष–2024–25 के बी0एस0सी0 नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासियों के सभी सुपात्र अभ्यर्थियों के नामांकन के पश्चात् सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही अन्य सुपात्र अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जा सकेगा।

झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के अनुसार :–

**सीटों का वर्गीकरण–**

(1) सरकारी संस्थानों में छात्र–छात्राओं के नामांकन हेतु सीटों का कोई वर्गीकरण नहीं होगा। सभी सीट झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित परीक्षा के माध्यम से नियमानुसार अनुशंसा के आधार पर पूर्व की भाँति भरी जायेंगी।

(2) गैर–सरकारी संस्थानों में नामांकन हेतु सीटों का विभाजन 50 प्रतिशत मुक्त सीट (Open Seat) एवं 50 प्रतिशत प्रबंधन सीट (Management Seat) में होगा।

**नामांकन हेतु चयन प्रक्रिया–**

(1) राज्यांतर्गत सरकारी संस्थानों में छात्र–छात्राओं के नामांकन हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया का अनुपालन किया जाता है।

(2) राज्य के लोक निजी भागीदारी के आधार पर संचालित नर्सिंग संस्थानों तथा गैर–सरकारी संस्थानों में भी सभी सीटों पर नामांकन हेतु छात्र–छात्राओं को झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य होगा।

(3) लोक निजी भागीदारी के आधार पर संचालित नर्सिंग संस्थानों तथा गैर–सरकारी संस्थानों के 50 प्रतिशत मुक्त सीट (Open Seat) में नामांकन हेतु सरकारी संस्थानों में नामांकन के लिए निर्धारित विहित प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्यवाई की जायेगी।

शेष 50 प्रतिशत प्रबंधन सीट (Management Seat) में नामांकन हेतु झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद द्वारा आयोजित प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

(4) प्रवेश परीक्षा की निर्धारित उत्तीर्णता 40 Percentile है :–

**महत्वपूर्ण तिथियॉं :–**

| क्र0 सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की शुरूआत | दिनांक – 24.08.2024 |
| 2. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की समाप्ति | दिनांक – 09.09.2024 |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन पत्र में भरे गये प्रविष्टियों में संशोधन (Online Edit) की तिथि | दिनांक – 10.09.2024 |
| 4. | प्रतियोगिता परीक्षा की तिथि एवं समय | क) बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक) – दिनांक–21.09.2024 (शनिवार) एवं पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक<br>ख) बी॰एससी॰ नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक) – दिनांक–21.09.2024 (शनिवार) एवं अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक |

2. **A.** **बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक) :–**

i. आयु :– नामांकन हेतु न्यूनतम आयु 31 दिसम्बर, 2024 को 17 वर्ष निर्धारित है।

ii. **शैक्षणिक योग्यता :**

(क) 10+2 Class passed with Science [PCB] & English Core/English Elective with aggregate of 45% marks from recognized board under AISSCE/CBSE/ ICSE/SSCE/HSCE or other equivalent Board.

(ख) Student appearing in 10+2 examination in Science conducted by National Institute of Open School with 45% marks.

(ग) Student shall be medically fit.

iii. **शुल्क** : प्रशिक्षणार्थियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क का भुगतान करना होगा।

iv. **प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास में रहने की अनिवार्यता होगी।**

**B.** **बी॰एससी॰ नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक):–**

i. **शैक्षणिक योग्यता :**

- Passed Intermediate OR 10+2 or equivalent examination from recognized university OR passed 10+1 in or before 1986.
- Obtained a Certificate in General Nursing and Midwifery and registered as R.N.R.M. with the State Nurse Registration Council.
- **पुरूष अभ्यर्थी हेतु योग्यता :– A male nurse trained before the implementation of the new integrated course besides being registered as a Nurse with State Nurses Registration Council, shall produce evidence of training approved by Indian Nursing Council for a similar duration in lieu of midwifery in any one of the following areas:**
  - ☐ O.T. Techniques
  - ☐ Ophthalmic Nursing
  - ☐ Leprosy Nursing
  - ☐ TB Nursing
  - ☐ Psychiatric Nursing
  - ☐ Neurological and Neuro Surgical Nursing
  - ☐ Community Health Nursing
  - ☐ Cancer Nursing
  - ☐ Orthopedic Nursing

ii. **प्रशिक्षण एवं अन्य शुल्क** : प्रशिक्षणार्थियों को राज्य सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण शुल्क एवं अन्य शुल्क का भुगतान करना होगा।

iii. **चयन की प्राथमिकता :**

1. "ए" ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मी।
2. अनुबंध पर झारखण्ड सरकार के अधीन "ए" ग्रेड नर्स (अनुबंध पर नियुक्त परिचारिकाओं को सरकारी परिचारिकाओं के अनुरूप सुविधा देय नहीं होगा)।
3. गैर–सरकारी संस्थान में "ए" ग्रेड नर्स।

iv. "ए" ग्रेड नर्स एवं नर्सिंग सिस्टर एवं समकक्ष परिचारिकाएँ भी आवेदन के पात्र होंगी।

v. **जी0एन0एम0 सर्टिफिकेट तथा राज्य परिचारिका परिषद से निबंधन आवश्यक है।**

**3.** **शारीरिक अहर्त्ता**:— दोनों पाठ्यक्रमों के लिए आवेदकों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है।

**4.** **आवेदन पत्र की उपलब्धता**:— आवेदक पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click here for All Online Application Form Submission-JCECEB 2024" बटन पर Click कर "**B.Sc. Nursing (Basic/Post-Basic) Entrance Competitive Examination–2024**, Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **दिनांक–24.08.2024 से दिनांक– 09.09.2024 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी की विवरणी में यथा नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, कोटि/कोटा इत्यादि में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो गयी है तो पुनः लॉगईन कर दिनांक–10.09.2024 को अवश्य सुधार कर लें। आवेदन की प्रविष्टियों में संशोधन का यह अंतिम अवसर होगा।** ऑनलाईन आवेदन करते समय स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; Upload करने हेतु स्कैन किया हुआ हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान तैयार रखें। ऑनलाईन आवेदन करने पर उसका प्रिंट आउट पर्षद कार्यालय को नहीं भेजना है।

**5.** **परीक्षा केन्द्र एवं परीक्षा की तिथि**:—

क) **B.Sc. Nursing (Basic) -** यह परीक्षा 21 सितम्बर 2024 को राँची, धनबाद, पलामू, जमशेदपुर दुमका एवं हजारीबाग जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी, ऑनलाईन आवेदन के समय अभ्यर्थियों को प्राथमिकतानुसार परीक्षा केन्द्र मुख्यालय का चयन कर लेना होगा। परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जिला मुख्यालयों की संख्या अपरिहार्य कारणवश पर्षद द्वारा धटाई जा सकती है। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी।

ख) **B.Sc. Nursing (Post-Basic)** – यह परीक्षा 21 सितम्बर 2024 को राँची जिला मुख्यालय स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। परीक्षा केन्द्र एवं अन्य संबंधित सूचना, ऑनलाईन प्रवेश पत्र (Online Admit Card) में अंकित रहेगी। आवेदकों को पर्षद के वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड (Download) की सुविधा परीक्षा की तिथि के चार (4) दिन पूर्व उपलब्ध करायी जायेगी।

**6.** **परीक्षा शुल्क**:— आवेदकों के कोटि एवं लिंग आधारित परीक्षा शुल्क निम्न तालिकानुसार Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा जमा करना अनिवार्य होगा, जो अप्रतिदेय (Non refundable) होगा :–

| क्रम सं० | पाठ्यक्रम | देय परीक्षा शुल्क का कोटि–वार विवरण | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग/पिछड़ी जाति –I/पिछड़ी जाति – II | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिलायें | दिव्यांग आवेदकों को आवेदन शुल्क देय नहीं है। |
| 1. | बी०एससी० नर्सिंग (बेसिक) | 900/– | 450/– | |
| 2. | बी०एससी० नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक) | 900/– | 450/– | |

**7.** **परीक्षा का स्तर एवं प्रकार** :–

**i.** बी0एस सी0 नर्सिंग (बेसिक):– प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की एवं कुल 150 अंकों की होगी। Intermediate [Science] या 10+2 स्तर के रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों से प्रत्येक के 50–50 अंकों की होगी।

**ii.** बी0एस सी0 नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक):– प्रतियोगिता परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की एवं कुल 100 अंकों की होगी तथा "ए" ग्रेड नर्सिंग पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

**8. मेधा सूची :–**

**i. बी0एस सी0 नर्सिंग (बेसिक)**:– परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर संयुक्त मेधा सूची के साथ–साथ कोटिवार मेधा सूची तैयार की जायेगी तथा सीटों का आवंटन मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर सम्बन्धित पाठ्यक्रम में दिया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में सर्वप्रथम् जीव विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा यह स्थिति भी समान होने पर रसायन विज्ञान में प्राप्तांक के आधार पर तथा उपरोक्त दोनों स्थितियाँ समान होने पर पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

**ii. बी0एस सी0 नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक)**:– परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर प्रत्येक प्राथमिकता कोड की संयुक्त मेधा सूची के साथ–साथ कोटिवार मेधा सूची तैयार की जायेगी तथा सीटों का आवंटन मेधा–सह–ईच्छा एवं प्राथमिकता कोड के आधार पर सम्बन्धित पाठ्यक्रम में दिया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी। फिर भी स्थिति समान रहने पर उम्मीदवारों के प्रथम् नाम के अंग्रेजी वर्णानुक्रमानुसार वरीयता दी जायेगी।

**9. आरक्षण :– सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग (EWS)/अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) (BC-I)/पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) (BC-II)/अनुसूचित जनजाति (ST)/अनुसूचित जाति (SC)/दिव्यांग (PH) अभ्यर्थियों के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।**

**10.** साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को आरक्षण संबंधी अपने दावे के समर्थन में निम्न प्रमाण पत्र/पत्रों को प्रस्तुत/Upload करना अनिवार्य होगा :–

**(क)** झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) {Sub-Divisional Officer(Civil)}या उपायुक्त (Deputy Commissioner) द्वारा निर्गत विहित प्रपत्र में जारी स्थानीय निवासी प्रमाण– पत्र।

**(ख)** विहित प्रपत्र में झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) {Sub-Divisional Officer (Civil)} या उपायुक्त (Deputy Commissioner) द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र (BC-I/ BC-II/ST/SC कोटि के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ लेने की स्थिति में)।

**(ग)** झारखण्ड राज्य के अंचल अधिकारी (Circle Officer) या अनुमण्डल पदाधिकारी (असैनिक) {Sub-Divisional Officer (Civil)} या उपायुक्त (Deputy Commissioner) द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत आय एवं सम्पति प्रमाण–पत्र (EWS कोटि के अभ्यर्थियों के लिये)।

**(घ)** चिकित्सा अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधिकारी/अस्पताल के मुखिया द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित एवं चिकित्सा बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग कोटा के अभ्यर्थियों के लिये)।

**नोट** :– अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, राँची के पत्रांक–14/जा0नि0–03–13/2015/का0–1754 दिनांक–25.02.2019 के आलोक में "क्रीमी लेयर" अवधारणा के समावेश संबंधित प्रपत्र में ही जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) तथा पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–2) के अभ्यर्थी जो क्रीमी लेयर के अन्तर्गत नहीं आते हैं, उन्हें ही आरक्षण का लाभ देय होगा।

**11. अन्य आवश्यक सूचनाएँ :–**

- बी॰एससी॰नर्सिंग (बेसिक) एवं बी॰एससी॰ नर्सिंग (पोस्ट–बेसिक) पाठ्यक्रमों की संस्थानवार/कोटिवार सीटों की विस्तृत विवरणी पर्षद के वेबसाईटhttp://jceceb.jharkhand.gov.inपरDownloadsकॉलम में देखा जा सकता है।
- वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप एवं अधिसूचना की प्रति पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Downloads/Act & Circular कॉलम में देखा जा सकता है।
- साक्षात्कार संबंधी अद्यतन सूचनाओं के लिए पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के सम्पर्क में बने रहें।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक